- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 15 हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 18 प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (ब)
# HINDI (B)

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल 18 प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं –* ***खंड-'अ'*** *और* ***खंड-'ब'*** *।*

*(iii)* ***खंड-'अ'*** *में उप-प्रश्नों सहित 45 बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(iv)* ***खंड-'ब'*** *में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

*(v)* *प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi)* *यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

## खंड – 'अ'

### (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : $5 \times 1 = 5$

गरमियों के दिन 'छुट्टी और यात्रा' पर जाने के दिन होते हैं । 'छुट्टी पर जाने' का यह अनुराग काफ़ी आधुनिक है, क्योंकि लोग 'कर्मोन्मत्त' बन गए हैं और वे जो कुछ भी करते हैं या नहीं करते हैं, वह उनके लिए तनाव पैदा करता है । पहले 'छुट्टी' शब्द मूल रूप से धार्मिक दिनों के लिए इस्तेमाल होता था; आजकल इसका मतलब सामान्य दिनों के विपरीत आराम या विश्राम का कोई विशेष दिन है । लेकिन असली सवाल है कि छुट्टी पर जाने से पहले क्या आपका मन और शरीर नई जगह का आनंद लेने की स्थिति में है ? यात्रा की सारी तैयारी बाहरी होती है, लोग विश्राम की भाषा पूरी तरह भूल चुके हैं ।

जब आप कुछ नहीं करते, तो यह मत सोचना कि समय बर्बाद हो रहा है । कुछ न करने के दौरान आपकी ऊर्जा खुद को स्वस्थ करती है । सतत काम करते रहने का जुनून ही आपको छुट्टी का आनंद नहीं लेने देता । आप जहाँ हैं, वहाँ मौजूद रहना सीखें, इसका अर्थ है – अभी और यहीं होना । बाहरी दुनिया के बिना जीवित रहना सीखें । इसका स्पष्ट मतलब है, अपने साथ रहना शुरू करें, खुद को जानना सीखें । छुट्टी का मतलब यह कदापि नहीं कि आप सिर्फ़ कामकाज से दूरी बनाएँ, बल्कि अपने मन, उसके दबावों और उलझनों से भी दूरी बनाइए ।



(i) 'छुट्टी पर जाने का यह अनुराग काफ़ी आधुनिक है' – पंक्ति का आशय है –
- (A) प्राचीन समय में लोग छुट्टियों का आनंद घर पर ही लेते थे ।
- (B) छुट्टियों में घर से बाहर जाने का प्रचलन वर्तमान समय की देन है ।
- (C) वर्तमान समय में छुट्टियों के प्रति प्रेम बढ़ा है ।
- (D) कार्यस्थलों/शिक्षा केन्द्रों में छुट्टी पर जाने का प्रचलन बढ़ा है ।

(ii) 'कर्मोन्मत्त' शब्द का अर्थ है –
- (A) कार्य से विमुख
- (B) कार्य करने का आदी
- (C) कार्य न करने का आदी
- (D) आराम करने का आदी

(iii) यात्रा पर निकलने से पहले क्या आवश्यक है ?
- (A) गंतव्य स्थल की जानकारी हासिल करना
- (B) गंतव्य स्थल की टिकट बुक कराना
- (C) आवश्यक सामान को बैग में डालना
- (D) तन और मन को आनंद लेने के लिए तैयार करना

(iv) गद्यांश के अनुसार कुछ न करने से भी समय बर्बाद नहीं होता, क्यों ?

(A) शरीर की ऊर्जा नष्ट नहीं होती ।

(B) शरीर की ऊर्जा खुद को स्वस्थ करती है ।

(C) हम आत्मावलोकन करते हैं ।

(D) तन और मन को विश्राम मिलता है ।

(v) 'जहाँ हैं, वहाँ मौजूद रहना' का अभिप्राय है –

(A) निर्धारित स्थल पर उपस्थित रहना ।

(B) बिना हिले–डुले एक स्थान पर बने रहना ।

(C) एक ही स्थान पर लंबे समय तक बने रहना ।

(D) शारीरिक उपस्थिति के साथ मानसिक उपस्थिति का होना ।



**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :**

*(i) इस प्रश्न–पत्र में कुल 18 प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

*(ii) इस प्रश्न–पत्र में दो खंड हैं – **खंड–'अ'** और **खंड–'ब'** ।*

*(iii) **खंड–'अ'** में उप–प्रश्नों सहित 45 बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(iv) **खंड–'ब'** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

*(v) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi) यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

## खंड – 'अ'

### (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : 5 × 1 = 5

गरमियों के दिन 'छुट्टी और यात्रा' पर जाने के दिन होते हैं । 'छुट्टी पर जाने' का यह

3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(i) तीन बजे से ही मैदान में हज़ारों आदमियों की भीड़ जमा होने लगी। रेखांकित पदबंध का भेद है –

(A) संज्ञा पदबंध (B) सर्वनाम पदबंध
(C) विशेषण पदबंध (D) क्रिया पदबंध

(ii) बड़े बाज़ार के प्रायः सभी मकानों पर राष्ट्रीय झंडा फहरा रहा था। रेखांकित पदबंध का भेद है –

(A) सर्वनाम पदबंध (B) विशेषण पदबंध
(C) क्रिया पदबंध (D) क्रिया-विशेषण पदबंध

(iii) निम्नलिखित में से क्रिया-विशेषण पदबंध का उदाहरण छाँटकर लिखिए :

(A) पक्षियों की सायंकालीन चहचहाहटें शनैः शनैः क्षीण होने को थी।
(B) पक्षियों की सायंकालीन चहचहाहटें शनैः शनैः क्षीण होने को थी।
(C) पक्षियों की सायंकालीन चहचहाहटें शनैः शनैः क्षीण होने को थी।
(D) पक्षियों की सायंकालीन चहचहाहटें शनैः शनैः क्षीण होने को थी।



4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(i) 'निकोबारियों का विश्वास है कि प्राचीन काल में ये दोनों द्वीप एक ही थे।' – रचना के आधार पर वाक्य-भेद है –

(A) सरल वाक्य (B) संयुक्त वाक्य
(C) मिश्र वाक्य (D) साधारण वाक्य

(ii) स्तंभ 1 और स्तंभ 2 को सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए :

| | स्तंभ – 1 | | स्तंभ – 2 |
|---|---|---|---|
| 1. | इनके विभक्त होने की एक लोककथा आज भी दोहराई जाती है। | I. | संयुक्त वाक्य |
| 2. | इनके विभक्त होने की एक लोककथा है और वह आज भी दोहराई जाती है। | II. | मिश्रित वाक्य |
| 3. | इनके विभक्त होने की एक लोककथा है जो आज भी दोहराई जाती है। | III. | सरल वाक्य |

(A) (1-II), (2-III), (3-I) (B) (1-III), (2-I), (3-II)
(C) (1-III), (2-II), (3-I) (D) (1-II), (2-I), (3-III)